प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 02.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय कृषि मंत्री ने कृषि को बताया देश की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत, कहा– युद्ध के समय सीमा पर जवान और खेत में किसान डटे हुए थे।
2. भारत का सकल वस्तु और सेवा कर– जीएसटी संग्रह मई में लगातार दूसरे महीने 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक।
3. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर लगाया आरोप, कहा–उन्हें और उनके करीबियों को झूठे मुकदमे और जानलेवा हमले का है खतरा।
4. हजारीबाग में टीएसपीसी उग्रवादियों ने वाहनों में लगायी आग, घटनास्थल से मिला सब–जोनल कमांडर का पर्चा, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान हुआ तेज़।
5. आईपीएल क्रिकेट के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराकर फाइनल में किया प्रवेश।

*********************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है। कल नई दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्मृति संगोष्ठी में श्री चौहान ने ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी कम होने और देश में लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन का जिक्र किया।

श्री चौहान ने कहा कि हाल में धान की दो नई किस्में विकसित की गई हैं जिनसे उपज में 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

*********************

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के निरंतर प्रयासों और आतंकवाद के विरूद्ध भारत के सैद्धांतिक दृढ रवैये के अनुरूप सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद और इसके सभी रूपों को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के सशक्त संदेश का प्रसार कर रहे हैं।

शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लाइबेरिया में भारतीय समुदाय के सदस्योंय से बातचीत की। श्री शिंदे ने कहा कि चार से पांच दशकों तक आतंकवाद के विरूद्ध लडाई के बावजूद भारत अभी भी प्रौद्योगिकी में एक बडी शक्ति है।

*********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के शौर्य की स्मृति में, आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला का प्रसारण कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर चक्र से सम्मानित कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह का स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*********************

भारत का सकल वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह लगातार दूसरे महीने 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मई में कुल जीएसटी संग्रह 2 करोड़ एक लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष मई में एकत्र एक करोड़ 72 लाख रुपये की तुलना में 16 दशमलव 4 प्रतिशत अधिक है।

*********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार और उनके करीबी अधिकारी उन्हें और उनके सहयोगियों को झूठे मुकदमों में फंसा सकते हैं। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आशंका जताई कि उन पर जानलेवा हमला हो सकता है। श्री मरांडी ने कहा कि वे लगातार झारखंड में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे हैं, जिससे सरकार परेशान है।

*********************

हजारीबाग के पगार ओपी थाना क्षेत्र के केरेडारी में टीएसपीसी उग्रवादियों ने कल रात दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। वारदात से पहले उग्रवादियों ने वाहनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे दोनों वाहन जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना स्थल से टीएसपीसी के सब–जोनल कमांडर के नाम से पर्चा मिला है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

*********************

बिरसा हरित योजना के तहत इस मानसून पूर्वी सिंहभूम जिले के 11 प्रखंडों में 2500 एकड़ भूमि पर लगभग तीन लाख पौधे लगाए जाएंगे।

*********************

वैश्विक टैरिफ तनाव और एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच आज घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स तथा निफ्टी दिन के कारोबार में लगभग आधा प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 398 अंक गिरकर 81 हजार 53 पर था और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 118 अंक नीचे आकर 24 हजार 633 पर पहुंच गया था।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव अठासी हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

आईपीएल क्रिकेट में पंजाब किंग्स फाइनल में पहुंच गई है। पंजाब किंग्स ने कल रात क्वालीफायर टू मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराया। फाइनल मुकाबले में कल पंजाब किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। अहमदाबाद में यह मैच शाम साढे सात बजे से शुरू होगा

********************